दयालु दया की कर दे नज़र

दयालु दया की कर दे नज़र,
भला या बुरा हूँ तुझे है खबर,
दयालू दया की कर दे नज़र॥

ज़्यादा नहीं पर थोड़ा ध्यान दीजिए,
दुखड़े हमारे पहचान लीजिये,
कब से खड़ा हूँ बाबा तेरे द्वार पर,
दयालू दया की कर दे नज़र॥

रिश्तों की बीज मैंने बोई नहीं
तेरे बिन श्याम मेरा कोई नहीं
संसार से में आया प्रभु हार कर
दयालू दया की कर दे नज़र॥

सदा लेते आया है तू परीक्षा मेरी
मगर पूरी की है हर दम इच्छा मेरी
भरोसा बहुत है बाबा मुझे तुझ पर
दयालू दया की कर दे नज़र॥

इम्तिहान है ये मेरे विश्वास की
अर्ज सुनो ना माधव इस दास की
हँसेगी ये दुनिया बाबा मेरी हार पर
दयालू दया की कर दे नज़र॥

दयालु दया की कर दे नज़र,
भला या बुरा हूँ तुझे है खबर,
दयालू दया की कर दे नज़र॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24671/title/dayalu-daya-ki-kar-de-nazar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |